सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में प्रसारित



# क्राइम वीक

समाचार पत्र



वर्ष : 01 अंक : 191 लखनऊ,शुक्रवार,01 अक्टूबर 2021 पृष्ठ : 02 मूल्य : 2 रुपया

## एक नजर

### झाँसी में दोहरे हत्याकांड से सनसनी

लखनऊ,संवाददाता। आज गुरुवार को सुबह–सुबह प्रेमनगर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से शहर में सनसनी फैल गई। दूध बेचकर जिंदगी गुजर बसर करने वाले एक वृद्ध दम्पति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। झाँसी के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के वार्ड 15 सिद्धन की टौरिया खेरा निवासी चुन्ना यादव अपनी पत्नी के साथ रहते थे। वह भैंसे पाले थे और दूध बेचकर जीवन यापन करते थे।गुरुवार की सुबह जब लोग दूध लेने पहुँचे तो उनका दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो लोग चिंता में पड़ गए क्योंकि यह दम्पति रोज सुबह रोज जल्दी उठते थे।

### एडीजी एंटीकरप्शन जकी अहमद हटे,हरिराम शर्मा को अतिरिक्त चार्ज

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश पुलिस के एंटी करप्शन विभाग में ड़ेढ साल से तैनात रहे एडीजी जकी अहमद को गृह विभाग ने हटा दिया है। जकी अहमद पर विभाग के कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एडीजी एंटी करप्शन विभाग से हटाकर पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है।उनके स्थान पर अपर पुलिसमहानिदेशक व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आवास निगम लखनऊ के साथ हरिराम शर्मा को एंटी करप्शन शाखा का भी एडिशनल चार्ज दिया गया है। इसके अलावा यूपी कैडर के दो डीजी स्तर गुरुवार को रिटायर्ड होंगे। इनके स्थान पर प्रमोट होकर दो एडीजी स्तर के अफसर डीजी बनेंगे। डीजी पॉवर कॉपोरेशन विभाग में तैनात कमल सक्सेना, डीजी कोऑरेटिव सेल एके पांडा गुरुवार को रिटायर होंगे।

### पांच अक्टूबर को प्रधानमंत्री आयेंगे लखनऊ

लखनऊ,संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 5 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आ रहे हैं।वे नगर विकास डिपार्टमेंट के अरबन कॉन्क्लेव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगे। पीएम के साथ ही सीएम योगी और गवर्नर आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के स्वागत के लिए शहर को अच्छे से सजाया जा रहा है। तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बताया गया है कि पीएम आवास लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मोदी खुद उनके घरों की चाबी देंगे।पहले 26 सितंबर को लखनऊ आ रहे थे पीएम,लेकिन कार्यक्रम में परिवर्तन हो गया था, क्योंकि वे विदेश यात्रा पर थे। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत ही लखनऊ के गोमतीनगर में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अरबन कॉन्क्लेव कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

## कोई भी कानून अदालत की अवमानना की शक्तिको छीन नहीं सकता : सुप्रीम कोर्ट



(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अदालत की अवमानना की शक्ति को विधायी अधिनियम द्वारा भी छीना नहीं जा सकता। इसी के साथ उसने अदालत को नाराज करने तथा धमकाने के लिए 25 लाख रुपये जमा ना कराने पर एक गैर लाभकारी संगठन (एनजीओ) के अध्यक्ष को अवमानना का दोषी ठहराया। शीर्ष न्यायालय ने कहा, हमारा यह मानना है कि अवमानना करने वाला शख्स स्पष्ट तौर पर अदालत की आवमानना का दोषी है और अदालत को नाराज करने के उसके कदम को स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि एनजीओ सुराज इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव दहिया अदालत, प्रशासनिक कर्मियों और राज्य सरकार समेत सभी पर कीचड़ उछालते रहे हैं। पीठ ने कहा, अवमानना के लिए दंड देने की शक्ति एक संवैधानिक अधिकार है जिसे विधायी अधिनियम से भी छीना नहीं जा सकता। उसने दहिया को नोटिस जारी किया और उसे सात अक्टूबर को सजा सुनाने पर अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया। धन का भुगतान करने के संबंध में पीठ ने कहा कि यह भू–राजस्व के बकाया के रूप में लिया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने दहिया को अदालत की अवमानना का नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि अदालत को नाराज करने की कोशिश के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। दहिया ने न्यायालय को बताया था कि उनके पास जुर्माना भरने के लिए संसाधन नहीं है और वह दया याचिका लेकर राष्ट्रपति के पास जाएंगे। उच्चतम न्यायालय दहिया की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उन्होंने न्यायालय के 2017 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है। न्यायालय ने 2017 में दिए आदेश में उन्हें बिना किसी सफलता के इतने वर्षों में 64 जनहित याचिकाएं दायर करने और शीर्ष न्यायालय के न्यायाधिकार क्षेत्र का बार–बार दुरुपयोग करने के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

## भिन्न विचारधाराओं के बावजूद आपसी भरोसा ही लोकतंत्र की ताकत : प्रधानमंत्री मोदी



(एजेंसी) जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीतिक पार्टियां और विचारधारा अलग अलग होने के बावजूद आपसी भरोसा ही लोकतंत्र की ताकत है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान राजस्थान में कुछ परियोजनाओं और राज्य के विकास को आगे बढ़ाने के बारे मेंआग्रह किये जाने पर मोदी ने उन्हें धन्यवाद दिया। मोदी ने कहा कि "अभी जब मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री को सुन रहा था तब उन्होंने एक लंबी सूची कामों की बता दी.. मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि उनका मुझ पर इतना भरोसा है और लोकतंत्र में यही बहुत बड़ी ताकत है।" उन्होंने कहा, "उनकी (गहलोत) राजनीतिक विचारधारा और पार्टी अलग है और मेरी राजनीतिक विचारधारा, पार्टी अलग है लेकिन अशोक जी का मुझ पर जो भरोसा है उसी के कारण आज उन्होंने दिल खोलकर बहुत सी बातें रखी हैं।" उन्होंने कहा, " यह दोस्ती, यह विश्वास, यह भरोसा यह लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है। मैं राजस्थान के लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं.. बहुत बहुत बधाई देता हूं।" राजस्थान में बांसवाड़ा, सिरोही, हनुमानगढ, और दौसा के मेडिकल कॉलेज के शिलायान्स और जयपुर में पेट्रोकेमिकल्स तकनीकी संस्था के लोकार्पण कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से जोधपुर में चिकित्सा उपकरण पार्क और कोटा में दवा पार्क की स्वीकृति के लिये आग्रह किया था।

## सत्ता को कमजोर करने की कोशिशें खत्म हो : सुनील जाखड



(एजेंसी) चंडीगढ़। कांग्रेस की पंजाब इकाई में चल रही उथल–पुथल के बीच, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के अधिकार को बार–बार कम करने के प्रयासों को अब खत्म किया जाना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी नवजोत सिंह सिद्धू की उस घोषणा के बाद आई है कि वह बातचीत के लिए यहां मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से मुलाकात करेंगे। जाखड़ ने यह भी कहा कि राज्य के महाधिवक्ता और राज्य पुलिस प्रमुख के चयन पर लगाए जा रहे "आक्षेप" वास्तव में मुख्यमंत्री की "ईमानदारी पर सवाल" उठा रहे हैं। सिद्धू ने पुलिस महानिदेशक और राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। जाखड़ ने ट्वीट किया, "बहुत हो गया। मुख्यमंत्री के अधिकारों को बार–बार कमतर करने के प्रयासों को समाप्त करें। एजी और डीजीपी के चयन पर लगाए जा रहे आक्षेप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री की ईमानदारी क्षमता पर सवाल उठा रहा है जिन्हें परिणाम देने के लिए लाया गया है। अब समय दृढ़तापूर्वक अपनी बात कहने और कठिन स्थिति को सुलझाने का है।" मुख्यमंत्री पद के लिए जाखड़ दौड़ में सबसे आगे थे लेकिन पार्टी ने बाद में चन्नी को चुना। सिद्धू के पंजाब कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा देने के बाद, जाखड़ ने पूर्व क्रिकेटर पर कटाक्ष किया था।

## समझौता होने तक जारी रहेगा चीन के साथ सीमा विवाद, अफगानिस्तान पर भी हमारी नजर : प्रमुख नरवणे

(एजेंसी) नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा पर घटनाएं तब तक होती रहेंगी जब तक दोनों देशों के बीच सीमा समझौता नहीं हो जाता। इसके अलावा अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए नरवणे ने कहा कि भारतीय सेना या सशस्त्र बल खतरे की आशंकाओं का समय–समय पर मूल्यांकन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन मूल्यांकनों के आधार पर भारतीय सेना भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक रणनीतियां और सिद्धांत तैयार करती है। सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा पर घटनाएं तब तक होती रहेंगी जब तक दोनों देशों के बीच सीमा समझौता नहीं हो जाता। सेना प्रमुख ने पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अफगानिस्तान में हालिया घटनाक्रम पर भारतीय सेना भी अपनी नजर बनाई हुई थी। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति को देखते हुए हमारी सेना रणनीति तैयार करती है। चीन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का चीन के साथ अभी भी सीमा विवाद जारी है। हम किसी भी दुस्साहस का सामना करने के लिए फिर से तैयार हैं जो कि हो सकता है जैसा कि हमने अतीत में सामना किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं तब तक होती रहेंगी जब तक कि एक दीर्घकालिक समाधान नहीं हो जाता है और वह है सीमा समझौता। दोनों देशों को सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए एक मजबूत प्रयास करनी चाहिए। अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए नरवणे ने कहा कि भारतीय सेना या सशस्त्र बल खतरे की आशंकाओं का समय–समय पर मूल्यांकन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन मूल्यांकनों के आधार पर भारतीय सेना भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक रणनीतियां और सिद्धांत तैयार करती है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो कभी नहीं रुकती है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को काबुल तालिबान के हाथों में आ गया था।



## पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के लिये वकील संदीप मोदगिल के नाम को मंजूरी

### 4 हाईकोर्टों में जजों के लिए 16 नामों की सिफारिशि




(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) एन वी रमण की अध्यक्षता वाले सुप्रीमकोर्ट कॉलेजियम ने बंबई, गुजरात, ओडिशा और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्टों में न्यायाधीशों के तौर पर पदोन्नति के लिए 16 नामों की सिफारिश की है। बुधवार को हुई बैठक में कॉलेजियम ने इन 4 हाईकोर्टों के न्यायाधीशों के तौर पर पदोन्नति के लिए 16 नामों के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसमें 6 न्यायिक अधिकारी और 10 अधिवक्ता हैं। सुप्रीमकोर्ट की वेबसाइट पर बृहस्पतिवार को अपलोड किए गए बयानों के अनुसार, कॉलेजियम ने 4 न्यायिक अधिकारियों ए एल पंसारे, एस सी मोरे, यू एस जोशी फाल्के और बी पी देशपांडे की बंबई हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के तौर पर पदोन्नति के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसी तरह कॉलेजियम ने वकील आदित्य कुमार महापात्रा और मृगंक शेखर साहू तथा न्यायिक अधिकारी राधा कृष्ण पटनायक और शशिकांत मिश्रा को ओडिशा हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनाए जाने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के लिए 7 वकीलों एम. मनीष भट, समीर जे दवे, हेमंत एम प्रच्छाक, संदीप एन भट, अनिरुद्ध प्रद्युम्न मायी, नीरल रश्मिकांत मेहता और निशा महेंद्रभाई ठाकुर को न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किए जाने की सिफारिश की है। एक बयान में कहा गया है, 'सुप्रीमकोर्ट के कॉलेजियम ने 29 सितंबर 2021 को हुई अपनी बैठक में वकील संदीप मोदगिल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।श्श देश में 25 हाईकोर्टों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 1,080 है लेकिन एक मई 2021 तक केवल 420 न्यायाधीश ही सेवारत थे।

## ममता बनर्जी की भवानीपुर विधानसभा सीट पर मतदान जारी

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भवानीपुर विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक करीब 21.7 प्रतिशत मतदान हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले की समसेरगंज सीट के लिए करीब 16.32 प्रतिशत और जंगीपुर सीट के लिए करीब 17.51 प्रतिशत मतदान हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच तीनों सीटों के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। इन तीनों सीटों पर कुल 6,97,164 मतदाता हैं। मतगणना दो अक्टूबर को की जाएगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम सीट से हार गई थीं। अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के लिए उन्हें इस उपचुनाव में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, दो उम्मीदवारों की मौत के बाद अप्रैल में जंगीपुर और समसेरगंज में चुनाव रद्द करना पड़ा था। मतदान शाम छह तक जारी रहेगा। मतदान केन्द्रों के बाहर सुबह से ही लोग कतारों में खड़े नजर आए। भवानीपुर में बनर्जी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रियंका टिबरेवाल मैदान में हैं, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने श्रीजीब बिस्वास को टिकट दिया है।



## पतन की ओर कांग्रेस पार्टी, बताई वजह : अमरिंदर सिंह

(एजेंसी) पंजाब। मुख्यमंत्री पद से हाल ही में इस्तीफा देने वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अब कांग्रेस पार्टी छोड़ने का भी ऐलान कर दिया है। इस बीच उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेस पतन की ओर है और इसकी वजह वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार किया जाना है।



कैप्टन अमरिंदर ने जहां एक तरफ खुद को अपमानित बताया है, वहीं एक दिन पहले ही पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल को भी भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। पंजाब के पूर्व सीएम ने एक तरफ जहां कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया है तो वहीं बीजेपी में जाने की अटकलों को खारिज किया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के दफ्तर की ओर से कहा गया, श्शपंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने साफ कर दिया है कि वह बीजेपी में नहीं जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस में भी बने रहने की इच्छा नहीं है, जोकि अब वरिष्ठ नेताओं को पूरी तरह नजरअंदाज किए ।

## मैं कांग्रेस से इस्तीफा दे दूंगा, लेकिन भाजपा में शामिल नहीं हो रहा : अमरिंदर सिंह

(एजेंसी) नयी दिल्ली। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अब कांग्रेस में नहीं रहेंगे और पार्टी से इस्तीफा दे देंगे क्योंकि ऐसे दल में वह नहीं रह सकते जहां उन्हें अपमानित किया जाए और उन पर विश्वास न किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह भाजपा में शामिल नहीं होंगे। सिंह ने एक बयान में कहा, " मैं भाजपा में शामिल नहीं हो रहा, लेकिन कांग्रेस छोड़ दूंगा। ऐसी पार्टी में मैं नहीं रह सकता जहां मेरा अपमान हो और मुझ पर विश्वास न किया जाए।" उनके मुताबिक, वह अभी आगे के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। सिंह ने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल खड़े करते हुए दावा किया, "कांग्रेस नीचे की ओर जा रही है। वरिष्ठ नेताओं की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है।" कपिल सिब्बल के घर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, "यह हमला किया गया क्योंकि उन्होंने (सिब्बल ने) वह विचार प्रकट किए जो पार्टी नेतृत्व को खुश करने वाले नहीं थे। यह पार्टी के लिए ठीक नहीं है।" उन्होंने यह भी कहा, "पंजाब और भारत में पाकिस्तान से खतरे को जो लोग कमतर बता रहे हैं वे राष्ट्र विरोधी लोगों के हाथों में खेल रहे हैं। पाक समर्थित तत्व रोजाना हमारे जवानों को मार रहे है, वे ड्रोन से हमारे राज्य में हथियार पहुंचा रहे हैं। हम इस खतरे को कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं?" गृह मंत्री अमित शाह से बुधवार को मुलाकात करने के बाद अमरिंदर सिंह ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की। सिंह ने कहा कि पंजाब से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को लेकर उन्होंने डोभाल से मुलाकात की है। इससे पहले एक निजी चौनल से बातचीत में अमरिंदर सिंह ने कहा था कि पंजाब में आम आदमी पार्टी का ग्राफ बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस की लोकप्रियता 20 प्रतिशत घट गई है। डोभाल से मुलाकात के संदर्भ में उन्होंने कहा, "सुरक्षा चिंताओं को लेकर मैं उनसे मिला। मैं मुख्यमंत्री भले ही नहीं हूं, लेकिन पंजाब तो हमारा है... पहले जैसे हालात न पैदा हों, एनएसए से मुलाकात का यही मकसद था।" गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात को लेकर सिंह ने कहा, " किसान आंदोलन को एक साल पूरा हो गया। कुछ तो समाधान निकलना चाहिए। मुझे डर है कि इससे पंजाब में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं, और यह मैं नहीं चाहता।" उनके मुताबिक, "मैने गृह मंत्री से कहा है कि किसानों की मांग मानने और फसल विविधिकरण के लिए पंजाब को 25 हजार करोड़ रुपये दिये जाएं।" पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके नवजोत सिंह सिद्धू पर एक बार फिर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि वह गंभीर व्यक्ति नहीं हैं ।



# सैलरी अकाउंट खाली, फिर भी मिल जाएंगे 3 लाख रुपए, बड़े काम की पीएनबी की ये सुविधा

(एजेंसी) नई दिल्ली। देश के दूसरे बड़े सरकारी बैंक पीएनबी (पंजाब नैशनल बैंक) में सैलरी अकाउंट है तो ये खबर आपके लिए है। असल में बैंक सैलरी अकाउंट होल्डर्स के लिए 3 लाख रुपए तक की ओवरड्राफ्ट लिमिट की सुविधा दे रहा है। ये रकम अकाउंट में क्रेडिट होने वाली सैलरी के हिसाब से तय होती है। कहने का मतलब ये है कि जितनी कम आपकी सैलरी है




ओवरड्राफ्ट के तहत रकम भी कम ही मिलेगी। क्या है ओवरड्राफ्ट सुविधा आसान भाषा में समझें तो ये एक तरह का लोन होता है। इस सुविधा के तहत आप अपने बैंक खाता में पैसा न होने पर भी रकम निकाल सकते हैं। ओवरड्राफ्ट की रकम बैंक तय करता है। इसका ब्याज समेत भुगतान एक निश्चित अवधि में करना होता है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए बैंक के ब्रांच में जाकर या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सैलरी अकाउंट पर पीएनबी की सुविधारू पंजाब नेशनल बैंक अपने सैलरी अकाउंट होल्डर्स को चार कैटेगरी– सिल्वर, गोल्ड, प्रीमियम, प्लेटिनम में बांट रखा है। सिल्वर कैटेगरी वाले अकाउंट होल्डर को 50 हजार रुपए, गोल्ड अकाउंट होल्डर को 1 लाख 50 हजार रुपए, प्रीमियम अकाउंट होल्डर को 2 लाख 25 हजार रुपए और प्लेटिनम अकाउंट होल्डर को 3 लाख रुपए तक की ओवरड्राफ्ट लिमिट मिलती है। सैलरी के हिसाब से तय है कैटेगरीरू पीएनबी की कैटेगरी सैलरी के हिसाब से तय की गई है। सिल्वर कैटेगरी में उन अकाउंट होल्डर को रखा गया है जिनकी 10,000 रुपए से 25,000 रुपए तक की सैलरी क्रेडिट होती है। गोल्ड कैटेगरी में 25 से 75 हजार तक की सैलरी, प्रीमियम में 75 हजार से 1 लाख 50 हजार रुपए तक वाली सैलरी के अकाउंट होल्डर, प्लेटिनम वाले अकाउंट होल्डर 1 लाख 50 हजार से ज्यादा सैलरी वाले ग्राहक हैं।

# एक महीने में 145 करोड़ रुपए की कमाई, राकेश झुनझुनवाला का शानदार दांव

(एजेंसी) नई दिल्ली। देश के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो में कई ऐसे स्टॉक हैं, जिन्होंने पिछले एक महीने में जबरदस्त रिटर्न दिया है। इन्हीं में से एक स्टॉक डेल्टा कॉर्प है। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की कंपनी डेल्टा कॉर्प (क्मसजं ब्वतच) के स्टॉक में पिछले एक महीने में लगभग 40 फीसदी की तेजी आई है। शेयर का भावरू यह स्टॉक सितंबर 2021 में 181 रुपए प्रति शेयर के स्तर से बढ़कर 253.60 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया है। प्रति शेयर के हिसाब से देखें तो एक महीने में 72.35 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है। डेल्टा कॉर्प के शेयरों में इस तेजी की वजह से राकेश झुनझुनवाला को 145 करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया है।



अप्रैल से जून 2021 तिमाही के दौरान राकेश झुनझुनवाला के पास डेल्टा कॉर्प में 2 करोड़ शेयर थे। क्या कहते हैं एक्सपटर्रू हालांकि, अब भी शेयर बाजार के जानकार डेल्टा कॉर्प के स्टॉक को लेकर पॉजिटिव हैं। उनका मानना घ्हे कि स्टॉक अभी भी सकारात्मक दिख रहा है और यह लॉन्ग टर्म में 400 रुपए तक जा सकता है। इक्विटी 99 के सह–संस्थापक राहुल शर्मा ने कहा, ष्कंपनी लगभग ऋण मुक्त है। कंपनी लगातार सकारात्मक परिचालन नकदी प्रवाह पैदा कर रही है। हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही 280 से 300 रुपए के स्तर तक पहुंच जाएगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के रिसर्च हेड संतोष मीणा ने कहा, ष लॉन्ग टर्म के लिए 400 रुपए तक शेयर का भाव जा सकता है।

# 1 अक्टूबर से महंगी हो सकती है एलपीजी , बदलेंगे कुछ नियम, जिनका सीधा असर पड़ेगा आपकी जेब पर

(एजेंसी) नई दिल्ली। 1 अक्टूबर यानी कल से कई बैंकों के चेक बुक, ऑटो डेबिट भुगतान, एलपीजी सिलेंडर के दाम और पेंशन से जुड़े नियम बदल रहे हैं। आपकी रसोई गैस महंगी हो सकती है। वहीं अगर आप पानी, बिजली, मोबाइल या अन्य किसी



बिल का भुगतान ऑटो डेबिट के जरिए करते हैं तो 1 अक्टूबर से नया नियम लागू होने जा रहे हैं। इनके अलावा और कौन–कौन से बदलाव होने जा रहे हैं, आइये जानें... 1 अक्टूबर को पेट्रोलियम कंपनियां घरेलू एलपीजी के रेट जारी करती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में भारी वृद्धि को देखते हुए गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपये तक बढ़ने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल (ब्रेंट क्रूड) एक बार फिर 80 डॉलर के ऊपर पहुंच गया है। इसके साथ ही कच्चा तेल तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले अक्टूबर 2018 में ये 78.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा था। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में पेट्रोल–डीजल और गैस के दाम बढ़ने तय हैं। 1 अक्टूबर से क्रेडिट–डेबिट कार्ड के पेमेंट से जुड़े नियम में बदलाव होने जा रहा है। 1 अक्टूबर से आपके क्रेडिट डेबिट कार्ड से होने वाले ऑटो भुगतान का नया नियम लागू किया गया है, जिसके तहत बिना ग्राहक की जानकारी दिए बैंक आपके खाते से पैसा नहीं काट सकेंगे। बैंक आपको इसके लिए पूर्व जानकारी देगा, सभी इसकी पेमेंट आपके बैंक से कटेगी। बैंक उपभोक्ता के खाते से पैसा तभी डेबिट होगा, जब वह इसके लिए अनुमति देगा। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया थै।ï ने एक अक्टूबर तक खाद्य पदार्थों से जुड़े सभी दुकानदारों को रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया है। खाद्य पदार्थों से जुड़े दुकानदारों को सामान के बिल पर थै।ï का रजिस्ट्रेशन नंबर लिखना अनिवार्य कर दिया जाएगा। साथ ही दुकान से लेकर रेस्टोरेंट को डिस्प्ले में बताना होगा कि वह किन खाद्य पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। ग्राहकों को बिल पर थै।ï का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं देंने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसमें जेल जाने तक की सजा है। अक्टूबर से ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) , यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और इलाहाबाद बैंक के पुराने चेकबुक काम नहीं करेंगे। इन बैंकों का विलय दूसरे बैंकों में किया जा चुका है, जिसके बाद खाताधारकों के खाता नंबर, चेक बुक, आईएफएससी व एमआईसीआर कोड बदल गए। अब तक ग्राहक पुराने चेक बुक का इस्तमाल कर ले रहे थे, लेकिन 1 अक्टूबर से वो ऐसा नहीं कर पाएंगे। ऐसे में खाताधारकों को नए चेकबुक लेना होगा। अगले महीने की पहली तारीख से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र से जुड़ा नियम बदल रहा है। अगले महीने से देश के सभी बुजुग पेंशनर्स जिनकी उम्र 80 साल या उससे ज्यादा है वो देश के सभी प्रधान डाकघर के जीवन प्रमाण सेंटर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे। इसके लिए 30 नवंबर तक का समय दिया गया है। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेश के नियम में बदलाव किया है। नए नियम के मुताबिक एसेट अंडर मैनेजमेंट, म्यूचुअल फंड हाउस में काम करने वाले जूनियर कर्मचारियों पर लागू होगा। 1 अक्टूबर 2021 सेएमएससी कंपनियों के जूनियर कर्मचारियों को अपनी सैलरी का 10 फीसदी हिस्सा म्यूचुअल फंड के यूनिट्स में निवेश करना होगा। जबकि 1 अक्टूबर 2023 तक फेजवाइज यह सैलरी का 20 फीसदी हो जाएगा।

# आयकर अधिकारियों को 30 सितंबर तक आवेदन स्वीकार करने का निर्देश

(एजेंसी) नई दिल्ली। आयकर विभाग ने एक आदेश जारी कर अधिकारियों से लंबित कर मामलों के निपटान के लिए 30 सितंबर तक आवेदन स्वीकार करने को कहा है। वित्त वर्ष 2021–22 के बजट में, वित्त अधिनियम के माध्यम से आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों में संशोधन किया गया जिसके तहत आयकर निपटान आयोग (आईटीएससी) ने एक फरवरी, 2021 से काम करना बंद कर दिया। इसके अलावा, यह भी प्रावधान किया गया है कि एक फरवरी, 2021 को या उसके बाद निपटान के लिए कोई आवेदन दायर नहीं किया जा सकता है। इसी तारीख को वित्त विधेयक,




2021 लोकसभा में पेश किया गया था। सरकार ने 31 जनवरी, 2021 तक लंबित निपटान आवेदनों के निपटारे के लिए एक अंतरिम निपटान बोर्ड का गठन किया था। इसके बाद, वित्त मंत्रालय को अभ्यावेदन मिले थे कि कई करदाता एक फरवरी को आईटीएससी के समक्ष निपटान के लिए अपना आवेदन दाखिल करने के आखिरी चरणों में थे। ऐसे करदाता जो 31 जनवरी, 2021 तक आवेदन दाखिल करने की पात्रता रखते थे लेकिन वित्त अधिनियम, 2021 के तहत आईटीएससी के काम करना बंद करने की वजह से इसे दाखिल नहीं कर पाए, उन्हें राहत प्रदान करने के लिए आयकर विभाग ने इस महीने की शुरुआत में फैसला लिया कि करदाताओं द्वारा अंतरिम बोर्ड के समक्ष 30 सितंबर, 2021 तक निपटान के लिए आवेदन दायर किया जा सकता है।

# पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ या महंगा, जारी हो गए नए रेट, फटाफट करें चेक

(एजेंसी) नई दिल्ली। पेट्रोल–डीजल के दाम में आज भी इजाफा देखने को मिल रहा है। गुरुवार यानी आज पेट्रोलिय कंपनियों ने पेट्रोल–डीजल के



नए रेट जारी कर दी हैं। नए रेट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 25 पैसा और डीजल 30 पैसा महंगा हुआ है। देश के कई शहरों में पेट्रोल–डीजल 100 के पार हैं। दिल्ली में पेट्रोल 101.64 रुपये और डीजल 89. 87 रुपये प्रति लीटर है तो मुंबई में पेट्रोल 107.71 रुपये और डीजल 97.52 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं, चेन्नई में पेट्रोल 99.36 रुपये और डीजल 94.45 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल के लिए 102.17 रुपये और डीजल के लिए आज 92.97 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि ब्रेंट की कीमत इस साल के अंत तक 90 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। पिछले 6 दिनों में डीजल के रेट में आज पांचवीं बार बढ़ोतरी हुई है। वहीं ढाई महीने बाद मंगलवार को पेट्रोल की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। बता दें सरकार ने संसद में कहा है कि पेट्रोल, डीजल और नेचुरल गैस के उत्पाद शुल्क से होने वाली कमाई साल 2013–14 में जहां 53,090 करोड़ थी, वहीं अप्रैल 2020–21 में बढ़कर 2,95,201 करोड़ रुपये हो गई है. सरकार ने बताया है कि कुल रेवेन्यू 2013–14 में जहां 12,35,870 करोड़ था, वह अब बढ़कर 24,23,020 करोड़ हो गया है। इस बढ़ोतरी ने पेट्रोल की खुदरा कीमत को रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंचा दिया। इससे पहले पेट्रोल जुलाई में दिल्ली में 101.84 रुपये प्रति लीटर और मुंबई में 107.83 रुपये प्रति लीटर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था। डीजल के मामले में इस वृद्धि ने उसे जुलाई में दिल्ली में 89.87 रुपये प्रति लीटर के उच्चतम स्तर के बराबर पहुंचा दिया। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट के 78.64 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने के साथ अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें तीन साल के उच्च स्तर पर हैं। वैश्विक कीमतों में उछाल की वजह से सरकार के स्वामित्व वाली इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने 24 सितंबर को दैनिक मूल्य बदलाव फिर से शुरू कर दिया जिसके साथ ही पांच सितंबर से मूल्य वृद्धि पर लगी रोक समाप्त हो गयी। 24 सितंबर के बाद से डीजल की कीमतें पांचवीं बार बढ़ायी गयी हैं। तब से कुल मिलाकर, डीजल की कीमतों में 1.25 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है, जबकि 18 जुलाई से पांच सितंबर के बीच कीमतों में इतने ही की यानी कुल 1.25 रुपये प्रति लीटर की कमी हुई थी। पेट्रोल की कीमत में इस हफ्ते दो किश्तों में कुल 50 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। इससे पहले डीजल की कीमत में आखिरी बार 15 जुलाई और पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 17 जुलाई को वृद्धि की गयी थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी हैं क्योंकि दुनिया भर में उत्पादन के बाधित होने से ऊर्जा कंपनियां अपने भंडार से अधिक कच्चा तेल निकालने के लिए मजबूर हुई हैं। दरअसल विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोजाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रोजाना सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों में संशोधन कर जारी करती हैं।

## दरकता संयम और कुंठाओं का उफान

अरविंद मिश्रा

दीवारों पर पोस्टर चिपकाने वाला एक आदमी सीढ़ी से नीचे गिरा और कई हड्डियां चूर हो गईं। मिजाजपुर्सी के लिये जब उसका दोस्त आया तो वह हंसा। उसके दोस्त ने पूछा कि तुम्हारी कई हड्डियां टूटी हैं और तुम फिर भी हंस रहे हो? वह फिर हंसा और बोला कि मैं सोच रहा हूं कि बाकी लोगों का क्या हाल होगा? दोस्त ने पूछा कि बाकी कौन लोग। जवाब मिला कि वे जो मेरे साथ ही सीढ़ी पर अटके–लटके थे क्योंकि जब सीढ़ी पर चढ़कर मैं पोस्टर लगा रहा था तो सामने एक चौबारे में एक युवती वस्त्र बदल रही थी। उसे देखने के लिये कई लोग सीढ़ी पर चढ़े थे, जिनके बोझ से सीढ़ी ढह गई और कइयों के हाड–गोड्डे टूट गये। कुल सार इतना है कि पूरी दुनिया के पुरुष औरत को देखना चाहते हैं। संसार का समूचा साहित्य हर विधा में स्त्री को दिखाने में जुटा है। चित्रकारों की तूलिका स्त्री के अंगों को उकेरती है। फिल्मों में नारी देह को न उघाड़ा गया हो, यह अविश्वसनीय है। टीवी के पर्दे के विज्ञापन हों या धारावाहिक, सबके केंद्र में औरत को दिखाना है। स्थापत्य कला में भी यही स्थिति है। प्रमाण के तौर पर खजुराहो में झांकने मात्र से पुष्टि हो जायेगी। किसी सिनेमा हॉल के बाहर अश्लील पोस्टर लगे हों तो वहां से गुजरने वाली महिलायें तो गर्दन झुका कर आगे बढ़ने लगती हैं जबकि मर्दों के पांव बरबस ही रुक जाते हैं। मोबाइल आने पर नवयुवकों की गर्दन अश्लीलता से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो पर घंटों झुकी रहती हैं। जब यह एक सुस्थापित सत्य है कि नारी देह का अवलोकन पुरुषों के लिये हमेशा आकर्षण रहा है तो नारियों को यह बात समझ क्यों नहीं आती कि वे देखने–दिखाने की चीज नहीं हैं। अपनी पोशाकों के दर्जियों–डिजाइनरों को स्त्रियां क्यों नहीं बतातीं कि उन्हें वस्त्र तन ढांपने के लिये चाहिए।



# भारत में रियल एस्टेट के लिए दिल्ली सबसे 'हरा-भरा' शहर

(एजेंसी) नई दिल्ली। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक के एक अध्ययन के अनुसार, दिल्ली भारत में रियल एस्टेट के लिए सबसे हरा–भरा या हरित शहर है,



लेकिन वैश्विक स्तर पर इसका स्थान 63वां है। लंदन, शंघाई, न्यूयॉर्क, पेरिस और वाशिंगटन डीसी रियल एस्टेट के लिए दुनिया के शीर्ष पांच हरित शहरों हैं। नाइट फ्रैंक ने एक बयान में कहा,विश्व स्तर पर चेन्नई 224वें, मुंबई 240वें, हैदराबाद 245वें, बेंगलुरु 259वें और पुणे 260वें है। अपने शोध में, सलाहकार कंपनी ने 286 शहरों को कई कारकों पर मापा, जैसे कि अच्छी तरह से विकसित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क, शहरी हरित स्थान और उच्च संख्या में हरित भवन। नाइट फ्रैंक ने यह भी कहा कि भारत को 2022 में रियल एस्टेट के क्षेत्र में विदेशों से 2.5 अरब डॉलर का निवेश मिलने का अनुमान है। 2022 में विदेशों से रियल एस्टेट निवेश के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और नीदरलैंड शीर्ष गंतव्य बनने जा रहे हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि हाल के दिनों में संरचनात्मक सुधारों की एक श्रृंखला से देश के रियल एस्टेट क्षेत्र ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। पीरामल एंटरप्राइज लिमिटेड ने ऋणदाताओं को 34,250 करोड़ रुपये का भुगतान कर दीवान हाउसिंग फाइनेंस (डीएचएफएल) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि डीएचएफएल की समाधान प्रक्रिया से उसके सावधि जमा (एफडी) धारकों सहित ऋणदाताओं को कुल 38,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। कंपनी ने कहा कि नकद और गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के रूप में पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि में लगभग 34,250 करोड़ रुपये शामिल हैं। पीरामल समूह के चेयरमैन अजय पीरामल ने कहा कि यह लेनदेन वित्तीय सेवा क्षेत्र में आईबीसी नियमों के तहत सफल समापन का प्रतीक है और भविष्य के प्रस्तावों के लिए एक मिसाल कायम करता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, श्हमने अब तय राशि का भुगतान कर दिया है। मूल्य के संदर्भ में यह लेनदेन अब तक के सबसे बड़े प्रस्तावों में से एक है। हम पीसीएचएफएल और डीएचएफएल का विलय करेंगे और विलय की गई इकाई का नाम पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रखा जाएगा।श् पीरामल ने कहा कि इस लेनदेन को पूरा करने के लिए नियामक की सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई हैं और दोनों कंपनियों का विलय अगले कुछ सप्ताह के दौरान किया जाएगा। विलय की गई इकाई का 100 प्रतिशत मालिकाना अधिकार पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पास होगा। पीरामल समूह द्वारा किये गए 34,250 करोड़ रुपये के भुगतान में 14,700 करोड़ रुपये नकद और 19,550 करोड़ रुपये के ऋण साधन शामिल हैं। पीरामल ने कहा कि डीएचएफएल के 70,000 लेनदार हैं और उनमें से ज्यादातर इस प्रक्रिया के सफलतापूर्वक पूरा होने से अपने लंबित बकाया का लगभग 46 प्रतिशत मूल्य वसूल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अधिग्रहण से कंपनी को दस लाख से अधिक ग्राहकों तक पहुंच मिलेगी और इसकी 24 राज्यों में 301 शाखाओं में उपस्थिति होगी। साथ ही अगले तीन या चार वर्ष में कंपनी की देश में लगभग 1,000 स्थानों पर उपस्थिति की योजना है और वह निकट से मध्य अवधि में कम से कम 1,000 और लोगों को नियुक्त करेगी। गौरतलब है कि जनवरी, 2021 में डीएचएफएल के 94 प्रतिशत ऋणदाताओं ने पीरामल समूह की समाधान योजना के पक्ष में मतदान किया था।

# पीपीएफ से सुकन्या योजना तक के ब्याज पर कटौती या राहत?

(एजेंसी) नई दिल्ली। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना समेत अन्य छोटी बचत योजना के ब्याज पर फैसला आने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की तिमाही के लिए सरकार ब्याज दरों को यथावत रख सकती है। सरकार, इन योजनाओं की ब्याज में कटौती का जोखिम नहीं उठाएगी। चालू वित्त वर्ष की बात करें तो एक जुलाई से 30 सितंबर के बीच की तिमाही में छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों को पूर्ववत रखा गया था। सरकार ने इससे पहले एक अप्रैल को पहली तिमाही के लिये लघु बचत योजनाओं की ब्याज दर में 1.1 प्रतिशत की कटौती को गलती से हुआ बताकर तुरंत वापस ले लिया था। इस तरह, बचत योजनाओं पर ब्याज दरें स्थिर रह गईं। कहने का मतलब ये है कि चालू वित्त वर्ष में अब तक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आपको बता दें कि सरकार की ओर से तिमाही आधार पर ब्याज दरों में बदलाव का फैसला लिया जाता है। इस तिमाही का आखिरी दिन आज यानी 30 सितंबर है। अभी क्या है ब्याज दरेंरू सुकन्या स्मृद्धि योजना पर 7.6 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज मिलता है। पांच साल की वरिष्ठ नागिरक बचत योजना पर 7.4 प्रतिशत ब्याज देय है। वहीं बचत जमा पर ब्याज की दर चार प्रतिशत सालाना बनी हुई।

# चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कैसी होगी सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेइंग इलेवन



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में शानदार फार्म में चल रही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आज शाम सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को खेलना है। अब तक टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वह अंक तालिका में सबसे नीचे आठवें नंबर पर है। टाप फार्म में चल रही चेन्नई के खिलाफ हैदराबाद की टीम का प्लेइंग इलेवन क्या हो सकता है जान लेते हैं। टीम ने पिछले मुकाबले में एक साथ चार बदलाव किए थे और डेविड वार्नर समेत कई बड़े खिलाड़ियों को बाहर कर दिया। चेन्नई के खिलाफ टीम में बदलाव की उम्मीद कम है। पारी की शुरुआत करते हुए जेसन राय ने पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी। रिद्धिमान साहा के टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। कप्तान केन विलियमसन शानदार लय में नजर आए थे और इसी प्रदर्शन को वह जारी रखते हुए टीम को एक और जीत दिलाना चाहेंगे। युवा अभिषेक शर्मा और प्रियम गर्ग पर टीम मैनेजमेंट ने भरोसा जताया है। इन दोनों खिलाड़ियों पर टीम का मिडिल आर्डर निर्भर करता है।